# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र

वर्ष–01 अंक–41 अमरोहा उत्तर प्रदेश www.sabkasapna.com सोमवार ● 28 अक्तूबर से 03 नवंबर 2024 पेज–08 मूल्य 5 रूपये



















# किसान जैविक खेती की ओर बढ़ाएं कदम : जिलाधिकारी



**अमरोहा(सब का सपना):** विकास भवन परिसर में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री ओम प्रकाश गोला की उपस्थिति में कृषि विभाग अमरोहा की ओर से स्वच्छता एक्शन प्लान नमामि गंगे योजनान्तर्गत प्राकृतिक खेती किसान मेला एवं जैविक उत्पाद हाट का उद्घाटन तथा रवी गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम प्राकृतिक जैविक खेती एवं जैविक उत्पाद की विधि जीवामृत घनामृत ट्राइकोडर्मा सहित अन्य जनसामान्य उपयोग और जागरूकता सम्बन्धी लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने बड़ी संख्या में उपस्थित कृषक बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद के जो उन्नतिशील किसान परंपरागत जैविक खेती पशुपालन मधुमक्खी पालन का कार्य कर रहे हैं वह जनपद के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे हैं आए हुए किसान बंधु इनसे सीख लें और परंपरागत जैविक खेती की ओर कदम बढ़ाएं। कहा कि यह अवश्य ही आपके परिवार की इनकम बढाने के साथ-साथ स्वस्थ जीवन के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि हम जो कुछ अच्छा कार्य करते हैं और बुजर्गो का आशीर्वाद लेते हैं तो बोला जाता है जीते रहो खुश रहो तो हमे भी परंपरागत जैविक खेती करके मिट्टी के स्वास्थ्य को सुधारना है और आशीर्वाद लेना है जमीन से लगाव कर मिट्टी के स्वास्थ्य की भी चिंता करें।

मिट्टी जितना हमसे लेगी उससे दुगना हमें लाभ देगी। कहा कि कठिनाई शुरू में आएगी लेकिन कुछ समय बाद ठीक हो जाएगा। जैविक खेती की लागत में हम को लगाएंगे उतना हम अपने को बीमारियों और गंदी हवाएं से बचाएंगे। हमारा स्वास्थ्य पर पर खर्च कम हो वह विकल्प चुनना होगा। आमदनी बढ़ेगी। मृदा के सुधार के लिए जैविक और परंपरागत खेती के लिए रुझान करें, । कहा कि दिली गाजियाबाद नोएडा में इसकी माँग है इससे आपकी इनकम भी बढ़ेगी। जिलधिकारी ने उपस्थित किसानो से अपील किया कि जैविक खेती की तरफ किसान मुड़ें यह निश्चित रूप से लाभ कारी है हम सबके लिए। कहा कि कोई परेशानी होती है तो आपके साथ सरकार और विभाग है कोई कठिनाई नहीं होगी।

ओमप्रकाश गोला ने कहा कि जो प्रदर्शनी लगाई गयी हैं और जो उत्पाद रखे गए हैं वह अवश्य ही स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं। कहा जैविक खेती करेंगे तो हम लोग स्वास्थ्य रहेंगे बीमारियां बढ़ रही है शुद्ध हल्दी धनिया सब्जी मिलेंगी सरकार भी मोटे अनाज और स्वदेशी की बात करती है। किसान जो जनपद के उन्नतिशील किसान हैं उनसे मिलें और मौके पर जाकर देखें और लाभ लें। कहा आज बाजारों में केमिकल युक्त उत्पादन मिल रहे हैं जिन्हें हम प्रयोग कर बीमारियों से ग्रस्त होते जा रहे हैं इन सब से छुटकारा पाने का एकमात्र ही तरीका है कि हम परंपरागत जैविक खेती के लिए अग्रसर हों। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि जैविक और परम्परगत खेती की जागरूकता की यह कार्यशाला अवश्य ही उपयोगी होगी। कृषक ज्यादा खेती न कर केवल अपने परिवार के खाने के लिए ही करें लागत भी कम आएगी कहा केमिकल का कम से कम प्रयोग हो बीमारियां बढ़ रही हैं अधिक से अधिक स्वस्थ्य लाभ लें। इस अवसर पर जनपद के उन्नतशील किसानों ने भी उपस्थित किसान बंधुओ को सब्जी की खेती गेंदा वर्मीकम्पोस्ट मधुमक्खी के पालन कृषक उत्पादक संगठन जैविक उत्पाद गौ मूत्र और गोबर के जीवा मृत घना मृत जैविक उत्पादों के लाभ और उत्पादन की विधियों के बारे में बताया। इस अवसर पर जिलाधिकारी जी व ओम प्रकाश गोला जी ने उन्नतिशील किसानों को साल ओढाकर सम्मानित किया तथा कुछ किसानों को सरसों के बीज की मिनी किट का भी वितरण किया। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप, उप निदेशक कृषि राम प्रवेश जिला कृषि अधिकारी बबलू सिंह कृषि विज्ञान केंद्र गजरौला के प्रभारी मिश्रा जी व वैज्ञानिक तथा बड़ी संख्या में किसान बन्धु रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में भव्यता के साथ मनाई गई सरदार पटेल जयंती



**अमरोहा(सब का सपना):** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मायाशंकर यादव की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा उदयगिरि गोस्वामी व जिला उपाध्यक्ष भाजपा अतुल चौधरी की उपस्थिति में लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 149वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गाँधी सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप जिला विकास अधिकारी सहित कलेक्टेट परिसर स्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पण कर नमन किया।

जिलाध्यक्ष भाजपा उदयगिरि गोस्वामी ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि सरदार पटेल एक कुशल नेता के साथ-साथ एक समाजसेवी भी थे। उनके महत्वपूर्ण व अदम्य साहस से ही 565 रियासतों को मिलाकर अखण्ड भारत का निर्माण किया कर एक सूत्र मे पिरोने का कार्य किया और देश को एक धारा में जोड़ा। उन्होनें शत-प्रतिशत ईमानदारी से कार्य किया। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश की एकता व अखण्डता को बनायें रखना है और जो देश को खण्ड-खण्ड करने वाली ताकतों से देश को बचाना है। जिला उपाध्यक्ष भाजपा अतुल चौधरी कहा कि सरदार पटेल न होते तो भारत के अखण्ड राष्ट्र का स्वरूप आज हमारे सामने न होता। देश की आजादी के समय छोटे-छोटे राजा, रजवाड़े, रियासतें, नवाब आदि अलग-अलग थे, जिन्हे एकता के सूत्र में पटेल ने पिरोया और अखण्ड भारत का निर्माण किया। पटेल ने आजादी के समय साफ कह दिया था कि सभी रियासतें भारत में विलय होगी और उनका एक संविधान होगा। पीडीडीआरडीए अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारत में रहने वाले सभी लोग एक हैं और एकता की मिशाल कायम किये हुये हैं। उन्होने कहा कि अलग भाषा धर्म तथा जाति के बावजूद भी हम सबको एकता के सूत्र में पिरोने का श्रेय सरदार पटेल को जाता है। अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्रीमाया शंकर यादव परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप जिला विकास अधिकारी जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उदय गिरि गोस्वामी सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों द्वारा रन फॉर यूनिटी के तहत कलेक्ट्रेट परिसर से जोया रोड तक पैदल मार्च किया गया।

# जेएस हिन्दू इण्टर कॉलेज में आयेजित हुई प्रतियोगिता

**अमरोहा(सब का सपना):** जेएस हिन्दू इण्टर कॉलेज में शिक्षा निदेशक माध्यमिक और जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह के निर्देशानुसार महीयसी महादेवी वर्मा वाद विवाद प्रतियोगिता 2024-25 के लिए विषय बच्चों में बढ़ती अवसादग्रस्तता और आत्महत्या की प्रवृत्ति में परिवार, विद्यालय और समाज की भूमिका पर प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें जेएस हिन्दू इण्टर कॉलेज अमरोहा, श्रीमती सुखदेवी इण्टर कॉलेज हसनपुर, केपी इण्टर कॉलेज शादपुर, एकेके इण्टर कॉलेज अमरोहा के छात्र छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखे।

प्रतियोगिता में केपी इण्टर कॉलेज शादपुर के छात्र दीपक कुमार और नैंसी ने क्रमशः पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रख प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रहे श्रीमती सुखदेवी इण्टर कॉलेज हसनपुर की शिवानी और इलमा ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये।




विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. जीपी सिंह ने सभी प्रतिभागियों और चयनित छात्र छात्राओं को बधाई दी। निर्णायक मण्डल में शर्मा देवी कन्या इण्टर कॉलेज से ममता अग्रवाल, राजकीय इण्टर कॉलेज अमरोहा से किरण पाल सिंह तथा जेएस हिन्दू इण्टर कॉलेज से शैलेश कुमार पंकज सम्मिलित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वीके शुक्ल ने किया। इस अवसर पर अनिल कुमार, सुधीर गुप्ता, संजीव कुमार, आभा सिंह, अतहर आलम सिद्दीक़ी, राजवीर सिंह आदि उपस्थित थे।

# रंग बिरंगी रोशनी से जगमग होगा अमरोहा

**अमरोहा (सब का सपना):** । इस दीपावली पर नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा उत्तम नगरीय प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराते हुए नगर के प्रमुख स्थानों, चौक- चौराहो, मुख्य मार्गो से लेकर छोटी-छोटी गलियों को प्रकाश मय किये जाने मे कोई कसर नहीं छोडी गयीं है, अमरोहा नगर का हर चौक - चौराहा, मुख्य मार्ग शाम ढलते ही स्ट्रीट लाइट्स व रंगीन पोल स्ट्रीप लाइट्स से जगमग हो जाता है।

नगर पालिका परिषद अमरोहा की ओर से की गयीं विशेष व्यवस्थाओं के सम्बन्ध मे अधिक जानकारी देते हुए पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ0 बृजेश कुमार द्वारा बताया गया की नगर पालिका अमरोहा को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु प्रतिबद्ध है। दीपो एवं रौशनी के पर्व दीपावली पर उत्कृष्ट नगरीय सुविधाएं एवं प्रकाश व्यवस्था किये जाने हेतु जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन मे प्रकाश अनुभाग की टीम गठित कर आदेशित किया गया की प्रत्येक छोटी गली से लेकर प्रमुख मार्गो, समस्त





चौक चौराहो को जगमग कर दिया जाये, नगर मे निरीक्षण कर समस्त बंद एवं ख़राब प्रकाश बिन्दुओ को सही एवं सुचारु किया जाये, प्रमुख मार्गो पर लगे हुए पालिका लाइट्स पोल, डिवाइडर पोल पर रंगीन स्ट्रीप लाइट लगा दी जाये, प्रमुख स्थलों की विशेष सजावट करवाई जाये

इसके अतिरिक्त इस दीपावली पर नगर के प्रमुख स्थानों पर पालिका द्वारा तोरण द्वार भी बनाये जा रहे हैं। दीपावली से पूर्व ही पालिका द्वारा नगर को जगमग कर दिया गया है। दीपावली निर्बाध शुद्ध

साथ ही पालिका से जुडी किसी भी शिकायत अथवा समस्या के समाधान के लिए पालिका के टोल फ्री नंबर 1800 180 1318, 1533 व 14420 पर शिकायत / मांग दर्ज करवाई जा सकती है। नगर पालिका परिषद अमरोहा अपने निवासियों को उत्कृष्ट व निर्बाध नगरीय सुविधाएँ देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दीपावली को स्वच्छ दीवाली-शुभ दीवाली के रूप मे मनाएं।

# कबड्डी में शीतला सराय और खो-खो में चंदनकोटा के बच्चों ने मारी बाजी



**अमरोहा(सब का सपना): अमरोहा।** न्याय पंचायत ढवारसी की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय सांथलपुर के प्रांगण पर किया गया। खेलों का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक वैभव गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में न्याय पंचायत के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। उपस्थित सभी अतिथियों एवं शिक्षकों का खेल प्रभारी जयवीर सिंह ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। खेलकूद प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे।

**प्राथमिक स्तर बालक वर्ग:** 50 मीटर दौड़ में सुरेश संविलियन विद्यालय आदमपुर प्रथम, जबकि 100 मीटर दौड़ में लव प्राथमिक विद्यालय बुखारीपुर प्रथम। 200 मीटर दौड़ में सतवीर प्राथमिक विद्यालय शीतला सराय प्रथम रहा। प्राथमिक स्तर कबड्डी में प्राथमिक विद्यालय चंदन कोटा की टीम प्रथम जबकि खो-खो में उच्च प्राथमिक विद्यालय शीतला सराय की टीम प्रथम स्थान पर रही।

**बालिका वर्ग में** 50 मीटर दौड़ में राधिका प्राथमिक विद्यालय ढवारसी की मढैय्या प्रथम जबकि 100 मीटर दौड़ में पल्लवी प्राथमिक विद्यालय शीतला सराय प्रथम। 200 मीटर दौड़ में लक्ष्मी प्राथमिक विद्यालय ढवारसी की मढैय्या प्रथम, 400 मीटर दौड़ में प्राथमिक लक्ष्मी प्राथमिक विद्यालय ढवारसी की मढैय्या प्रथम स्थान पर रही। कबड्डी में प्राथमिक विद्यालय शीतल सराय की टीम प्रथम स्थान पर रही जबकि चंदन कोटा की द्वितीय स्थान पर रही। खो खो में प्राथमिक विद्यालय शीतला सराय की टीम प्रथम स्थान पर जबकि प्राथमिक विद्यालय चंदन कोटा की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

**उच्च प्राथमिक स्तर** : बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में ज्योति उच्च प्राथमिक विद्यालय कोकापुर प्रथम, 200 मीटर दौड़ में शीतल उच्च प्राथमिक विद्यालय कोकापुर प्रथम, 400 मीटर दौड़ में शीतल उच्च विद्यालय कोकापुर प्रथम, 600 मीटर दौड़ में प्रियांशी उच्च प्राथमिक विद्यालय कोकापुर प्रथम स्थान पर रही? कबड्डी में सांथलपुर की टीम प्रथम स्थान पर रही।

**बालका वर्ग :** 100 मीटर दौड़ में रिंकू उच्च प्राथमिक शीतला सराय प्रथम, 200 मीटर दौड़ में रिंकू उच्च प्राथमिक विद्यालय शीतला सराय प्रथम, 400 मीटर दौड़ में आशु सागर उच्च प्राथमिक सांथलपुर प्रथम स्थान पर रहा। लंबी कूद में आशु सागर उच्च प्राथमिक विद्यालय सांथलपुर प्रथम स्थान पर रहा। विजेता बच्चों को पुरस्कार एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के इस अवसर पर खेल प्रभारी जयवीर सिंह, डायट प्रवक्ता श्रेयस यादव, प्रवक्ता दीपक कुमार, एआरपी तूफान सिंह कटारिया, चन्द्रपाल सिंह, सुधीर चंद कटारिया, प्रदीप कुमार, कुवेन्द्र पवार सोनू, सत्येंद्र कुमार, शहजाद आलम, अजय कुमार, जमुना प्रसाद, तेजपाल सिंह, दयाचंद सिंह, रामकिशोर, राजपाल सिंह, अमित कुमार सैनी, विजेंद्र सिंह, किरण राणा, ज्योति, निगहत आदि मौजूद रहे। अंत में खेल प्रभारी जयवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त कर खेलों का समापन कर दिया।

## एक नजर

# एआरपी टीम ने खंड शिक्षा अधिकारी को किया सम्मानित



**अमरोहा।** अमरोहा के ब्लॉक संसाधन केंद्र नारंगपुर जोया पर चल रहे श्स्छ प्रशिक्षण का खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद के संबोधन के साथ शानदार समापन हुआ।

इस दौरान उनके द्वारा अपनी एआरपी टीम की जमकर प्रशंसा की गई। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों को पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण को विद्यालय में जाकर लागू करने को कहा गया। वरिष्ठ एआरपी सत्येंद्र सिंह जी ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी की दिशा निर्देशन में जोया सभी विभागीय कार्यो में जनपद में प्रथम स्थान लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। योगेश कुमार एआरपी द्वारा बताया गया कि सभी अध्यापकों को द्वारा निपुण आकलन प्रतिदिन करना है एवं साथी यह भी बताया गया कि वीर गाथा प्रतियोगिता कराकर अपलोड करते रहें।

जहांगीर अहमद जी द्वारा बताया गया कि शिक्षण योजना बनाकर शिक्षण करें। सुभाष कुमार एआरपी द्वारा कहां गया कि समय सारणी के अनुसार विद्यालय में शिक्षण करें। हेवेंद्र जी द्वारा कहा गया कि बच्चों को मनोरंजन पूर्ण तरीके से शिक्षण कार्य कराये। इस अवसर पर एआरपी टीम जोया द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद को उत्कृष्ट कार्य एवं कुशल मार्गदर्शन हेतु मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जमशेद शरीफ, हरजीत सिंह, प्रदीप कुमार, मोहम्मद जीशान, नाजिम हुसैन, कंचन मलासी, मीनाक्षी चौधरी, रेनूसिंह, सुषमा, दीपा, राजकुमारी, सीमा आदि उपस्थित रहे।



# प्राथमिक शिक्षक संघ ने राम सिंह बौद्ध को किया सम्मानित

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने रेडियो संग्रहालय में गिनीज बुक में नाम दर्ज करने की उपलब्धि को लेकर सिद्धार्थ इंटर कॉलेज गजरौला के संस्थापक राम सिंह बौद्ध को फूल मालाएं एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया तथा संग्रहालय में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 115 वें एपिसोड को सुना। उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि रेडियो म्यूजियम में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने की उपलब्धि से पूरे जनपद ही नहीं अपितु भारत वर्ष का नाम रोशन हुआ है। जिससे जनपद भर में खुशी का माहौल है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, ब्लॉक मंत्री जोया हीरा सिंह, विकास राहुल, अमित कुमार, राहुल गौतम, करनपाल आदि मौजूद रहे।



# दौड़ में आंचल और केशव ने मारी बाजी

**अमरोहा(सब का सपना):** न्याय पंचायत स्तरीय दढ़ियाल की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरैठा खादर के मैदान पर किया गया। खेलों का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह एवं जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। खेलकूद प्रतियोगिता में न्याय पंचायत के सभी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। और खेलों में दमखम दिखाया।

प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 50 मीटर एवं 100 मीटर दौड़ में हरवीर प्राथमिक विद्यालय गुरैठा खादर प्रथम, तौफीक संविलियन विद्यालय दढ़ियाल खादर द्वितीय स्थान पर रहा। जबकि 200 मीटर दौड़ में केशव प्राथमिक विद्यालय जीवपुर प्रथम स्थान पर और देवा संविलियन विद्यालय गुरैठा खादर द्वितीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग प्राथमिक स्तर 50 मीटर दौड़ में फिजा संविलियन विद्यालय दढ़ियाल प्रथम एवं किरनवती प्राथमिक विद्यालय गुरैठा खादर द्वितीय स्थान पर रही। जबकि 100 मीटर दौड़ में मोनिका प्राथमिक विद्यालय जीवपुर प्रथम एवं निशा प्राथमिक विद्यालय गुरैठा खादर द्वितीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में मोनिका प्राथमिक विद्यालय जीवपुर प्रथम, फिजा प्राथमिक विद्यालय दढ़ियाल द्वितीय स्थान पर रही।

उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अंकुर उच्च प्राथमिक विद्यालय भावली प्रथम, अर्जुन उच्च प्राथमिक विद्यालय दढ़ियाल द्वितीय स्थान पर रहा जबकि 200 मीटर दौड़ में दिलशाद उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरैठा खादर प्रथम व मुनेश संविलियन विद्यालय मरौरा द्वितीय स्थान पर रहा। 400 मीटर दौड़ में करन उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरैठा प्रथम एवं दिलखुश संविलियन विद्यालय काई ऐतमाली द्वितीय स्थान पर रहा।

लम्बी कूद में उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवम संविलियन विद्यालय काई ऐतमाली प्रथम स्थान पर रहा। जबकि बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में आंचल उच्च प्राथमिक विद्यालय भावली प्रथम, सानिया उच्च प्राथमिक विद्यालय दढ़ियल द्वितीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में अलीशा संविलियन विद्यालय दढ़ियल प्रथम, खुशबू उच्च प्राथमिक विद्यालय द्वितीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में आंचल उच्च प्राथमिक विद्यालय भावली प्रथम व मानवी संविलियन विद्यालय मरौरा द्वितीय स्थान पर रही।

## अधिकारियों के हाथों उपहार पाकर खिल उठे गरीब परिवारों के चेहरे





**अमरोहा(सब का सपना):** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अद्वितीय पहल के तहत दीपावली पर्व पर जरूरतमंद परिवारों को उपहार भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं अधिकारियों द्वारा दी गई। अधिकारियों के हांथो उपहार पाते ही गरीब परिवारों के चेहरे पर मुस्कान आ गयी चेहरे खिल उठे। जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने बताया कि गरीब परिवारों के घर में भी उजाला हो संसाधन और धन के अभाव में गरीब परिवारों का भी त्योहार फीका न पड़े वह भी अपने परिवार के साथ हर्ष उल्लास उत्साह उमंग के साथ त्यौहार मना सकें। यही हमारी प्राथमिकता है उदेद्श्य है। कहा की दीपक बाती संग उपहार का तोहफा गरीब परिवारों को अधिकारियों द्वारा दिया गया है। बताया कि इसके लिए उच्च स्तर से कोई निर्देश नहीं है न ही कोई शासनादेश है। यह स्वयं की पहल है।

इस पहल के तहत मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने विकासखंड अमरोहा के ग्राम हादीपुर कला में जिला पंचायत राज अधिकारी और खंड विकास अधिकारी अमरोहा की उपस्थिति में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थी बच्चों और सम्बन्धित परिवारों को उपहार भेंट कर शुभकामनाएं प्रदान की। इसी प्रकार जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी ने विकास खंड जोया के ग्राम बरखेड़ा राजपूत में पहुँच उपहार भेंट किया। इसी प्रकार खण्ड विकास अधिकारियों व अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने गरीब परिवारों को उनके स्वयं घर पहुँच कर उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दी गई।

## पुलिस अधीक्षक एवं उनकी पत्नी द्वारा गरीब मजदूरों व बच्चों के साथ मनाई गई दीपावली



**अमरोहा(सब का सपना):** दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक अमरोहा कुँवर अनुपम सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी प्रिया दुबे द्वारा थाना डिडौली क्षेत्र के अन्तर्गत ईंट भट्टे पर काम करने वाले गरीब मजदूरों व बच्चों को मिठाईयाँ, मोमबत्ती,फल, कंबल, बिस्किट आदि वितरित कर उनके साथ दीपालवी पर्व मनाया गया और सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएँ दी गयी।<

पुलिस अधीक्षक द्वारा ईट भट्टे पर बच्चों को उपहार वितरित गये व सभी को कभी अकेला न समझने का भरोसा भी दिलाया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी बच्चों व उनके परिजनों को शिक्षा का महत्व समझाया गया तथा सभी बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने/शिक्षित बनाने हेतु आग्रह किया गया। पुलिस के साथ दिपावली मनाकर सभी बच्चों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे।

## गजरौला में बीडीओ ने गरीबों के घर जाकर मनाई दिवाली, बांटे उपहार

**अमरोहा(सब का सपना)मनोज शर्माः–** डीएम निधि गुप्ता ने जिले के सभी अधिकारियों को गरीबों के साथ दिवाली मनाने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में आज गजरौला बीडीओ अरुण कुमार ने अपनी टीम में ग्राम विकास अधिकारी अमरजीत सिंह चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह आदि के साथ गांव सकरथली पहुंचे।

जहां उन्होंने विधवा महिला तारावती के घर जाकर दिवाली की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्हें दिवाली पर पटाखे, मिठाई, कपड़े, मोमबत्ती, पूजा की सामग्री, खील बतासे वहीं लक्ष्मी गणेश भगवान की तस्वीर और भोजन का सामान भी भेंट किया।

साथ ही यह भी अवगत कराया कि जनपद के दूर रराज के क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये जिससे ग्राम वासियों को मध्यस्थता एवं सुलह समझौता के प्रति व स्वच्छता के




जागरूक किया जाये, जिससे उन्हे इसका अधिकाधिक लाभ प्राप्त हो, तथा उन्हे उनके अधिकारों क प्रति भी जागरूक कर वह अपने अधिकारों को जाने सके।

## शिक्षिका निशी भूषण ने बढ़ाया अमरोहा ब्लॉक का मान

**अमरोहा(सब का सपना):** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बुढ़नपुर में दो दिवसीय कल क्राफ्ट एवं संस्कृति महोत्सव प्रदर्शनी का 23 अक्टूबर को विष्णु प्रताप सिंह उप शिक्षा निदेशक एवं मनोज प्रकाश वरिष्ठ प्रवक्ता के द्वारा समापन किया गया।

इस दौरान कला, क्राफ्ट एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में आयोजित जिला स्तरीय मे कला क्राफ्ट एवं सांस्कृतिक 02 दिवसीय प्रदर्शनी कार्यक्रम में सुषमा सागर, धनौरा ने प्रथम, ज्योति शशि, गजरौला ने द्वितीय, निशी भूषण, अमरोहा और निर्देश कुमारी, हसनपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान उप शिक्षा निदेशक विष्णु प्रताप सिंह ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को मूवमेंट देकर सम्मानित किया। विष्णु प्रताप सिंह उप शिक्षा निदेशक एवं मनोज प्रकाश वरिष्ठ प्रवक्ता के द्वारा सभी



प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण किए गए।प्रदर्शनी का प्रबंध एवं संचालन निशु चौधरी प्रवक्ता द्वारा किया गया। इस मौके पर डाइट की ओर से डॉक्टर कुंदन सिंह प्रवक्ता ,जितेंद्र कुमार प्रवक्ता, रवि यादव प्रवक्ता उपस्थित रहे। एवं कार्यालय स्टाफ में रूप सिंह, पटल सहायक रिंकू सिंह, गौतम, देशराज सिंह, लोकेंद्र सिंह, शिवा रानी, एवं अनुकृति आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग छात्र–छात्राएं किसी भी क्षेत्र में सामान्य बच्चों से कम नहीं : खंड शिक्षा अधिकारी

**अमरोहा(सब का सपना):** अमरोहा के हसनपुर के गुलामपुर में समग्र शिक्षा अभियान में समेकित शिक्षा के अंतर्गत विकासखंड गंगेश्वरी के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए पेरेंट्स काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग छात्र छात्राओं के अभिभावकों ने प्रतिभाग किया।मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार ने कहा कि दिव्यांग छात्र–छात्राएं किसी भी क्षेत्र में सामान्य बच्चों से कम नहीं है।

शिक्षा के क्षेत्र में तो खासतौर से दिव्यांग छात्र–छात्राएं अपनी कामयाबी के झंडे गाड़ रहे हैं। हम सभी अभिभावकों को इन विशेष बच्चों का भरपूर सहयोग करते हुए इन्हें आगे बढ़ना चाहिए। समेकित शिक्षा




के अंतर्गत इन विशेष छात्रों के लिए सरकार द्वारा अनेकों सुविधा प्रदान की जा रही हैं।समय–समय पर इन छात्र–छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण करके इनके लाभ के लिए विकलांग उपकरण प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांग छात्र छात्राओं के लिए ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी आगामी माह में संपन्न होगा। जिसमें यह दिव्यांग छात्र खेलों के अनेकों रूप में प्रतिभाग करेंगे और अपनी कामयाबी का लोहा बनवाएंगे। कार्यक्रम को विशेष शिक्षक दिवाकर शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि इन विशेष बच्चों को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होना पड़ेगा। यह विशेष बच्चे आगे चलकर अपनी कामयाबी के शिखर को छूकर तरक्की करेंगे।सभी अध्यापकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को उनके भविष्य के लिए और अधिक कार्य करना होगा। इस अवसर पर आरपी विकास राहुल, विशेष शिक्षक दिवाकर शर्मा, विशेष शिक्षक प्रणवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह, इंचार्ज अध्यापक मदनपाल, संकुल शिक्षक संजय सिंह, मनोज शर्मा, फिरोज अली, नफीस, जगतपाल, चंद्रपाल, कलुआ, महेश, महिपाल सिंह, राशिद अली, संतराम सिंह, योगेंद्र सिंह, पृथी सिंह, नरेंद्र सिंह, संतोष,मुन्नी, क्रांति आदि मौजूद रहे।

## महा आरती के साथ राम ज्योति यात्रा हुई संपन्न

**मथुरा (राजकुमार गुप्ता):–** संपूर्ण ब्रज के देवालयों मैं स्थापित होने के बाद अयोध्या से आई दिव्य राम ज्योति आज भूतेश्वर स्थित प्राचीन मंदिर बद्रीनाथ मंदिर पहुंची श्री कृष्ण जन्मभूमि ईदगाह मामले के हिंदू पक्षकार, हिंदूवादी दिनेश शर्मा के नेतृत्व में 6 दिनों तक चली राम ज्योति यात्रा बद्रीनाथ की आरती के साथ संपन्न हुई।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी किशन सिंह ने कहा कि श्री कृष्ण जन्मभूमि की लड़ाई लड़ रहे दिनेश शर्मा द्वारा यह 6 दिवसीय कार्यक्रम संपूर्ण बज के मंदिरों में ज्योति स्थापना के साथ दिव्यता के साथ संपन्न हुआ, अब बस इंतजार है, जब सनातनी हिंदूऔ की भावनाओं के अनुरूप भगवान कृष्ण का दिव्य मंदिर अपने अलौकिक रूप में अतिक्रमण मुक्त होकर बने, हिंदूवादी दिनेश शर्मा ने कहा कि राम मंदिर बनने के बाद प्रथम दिवाली के मंगल दीपक ब्रजभूमि में राम ज्योति से प्रज्वलित होंगे यह समस्त बृजवासियों



के लिए अलौकिक, एवं दिव्य होगा श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के महानगर अध्यक्ष नरेश ठाकुर, पं संजय हरियाणा, ने कहा कि उसे समय आ गया है हिंदुओं को एक होकर भगवान कृष्ण के मंदिर को मुक्त करा कर दिव्या मंदिर का निर्माण का मार्ग प्रशस्त करना है 21 नवंबर को होने वाली धर्म संसद में यह प्रस्ताव संतो के सानिध्य में शीर्ष पटल पर रखा जाएगा

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी किशन सिंह ने कहा कि श्री कृष्ण जन्मभूमि की लड़ाई लड़ रहे दिनेश शर्मा द्वारा यह 6 दिवसीय कार्यक्रम संपूर्ण बज के मंदिरों में ज्योति स्थापना के साथ दिव्यता के साथ संपन्न हुआ, अब बस इंतजार है, जब सनातनी हिंदूऔ की भावनाओं के अनुरूप भगवान कृष्ण का दिव्य मंदिर अपने अलौकिक रूप में अतिक्रमण मुक्त होकर बने, हिंदूवादी दिनेश शर्मा ने कहा कि राम मंदिर बनने के बाद प्रथम दिवाली के मंगल दीपक ब्रजभूमि में राम ज्योति से प्रज्वलित होंगे यह समस्त बृजवासियों के लिए अलौकिक, एवं दिव्य होगा

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पं राजेश पाठक, महिला जिला अध्यक्ष उषा सोलंकी एडवोकेट, राष्ट्रीय सचिव डॉ जमुना देवी शर्मा, आचार्य राजेश कृष्ण शास्त्री, जिला अध्यक्ष सुखराम सिंह, रिचा शर्मा, गुंजन शर्मा, राहुल गौतम, जयराम शर्मा, विशंभर दयाल अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार सारस्वत,

संक्षेप खबरें

## कोतवाली प्रभारी के खिलाफ लेखपालों ने खोला मोर्चा, हड़ताल कर हटाने की मांग



**अमरोहा(सब का सपना):** नौगांवा सादात के कोतवाली प्रभारी को हटवाने के लिए लेखपालों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। देर शाम तक लेखपाल प्रभारी, हेड मोहर्रिर को हटवाने की मांग को लेकर अड़े हैं। इससे नौगांवा में प्रशासन और पुलिस के बीच तनातनी बनी हुई है।

क्षेत्र में तहसीलदार ने खनन के मामले में ट्रैक्टर–ट्रॉली पकड़ी थी। नौगांवा सादात कोतवाली में 26 अक्टूबर को इसे सीज कराने के लिए लेखपाल पहुंचे थे। लेखपाल से कोतवाली प्रभारी प्रेमपाल सिंह व हेड मोहर्रिर ने अभद्र व्यवहार किया था। तहसीलदार को अपशब्द बोलने पर शनिवार को नायब तहसीलदार, तहसीलदार लेखपाल संघ, अमीन संघ के पदाधिकारियों ने ट्रैक्टर ट्रॉली रोड पर खड़ा कर जाम लगाया था। कोतवाली गेट के आगे धरना प्रदर्शन किया था। उस समय उन्होंने हेड मोहर्रिर दिनेश कुमार और कोतवाली प्रभारी प्रेमपाल सिंह के ट्रांसफर की मांग उठाई थी, लेकिन उनका ट्रांसफर नहीं होने के कारण सोमवार सुबह 10 बजे फिर तहसील में लेखपालों ने कलम बंद हड़ताल कर दी।

लेखपालों ने ज्ञापन देकर कहा कि जब तक कोतवाली प्रभारी का ट्रांसफर नहीं होगा तब तक कलम बंद हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान लेखपाल संघ, तहसील अध्यक्ष परवेज आलम, सचिव मुकेश कुमार, पीतांबर सिंह, सोमपाल सिंह, चतरू सिंह, गौरव कुमार, हिमांशु यादव, अयूब अली, ओमपाल सिंह, अभिषेक गुर्जर, वीरेंद्र गोला, प्रीतम सिंह, सत्येंद्र सिंह सहित सभी लेखपाल मौजूद रहे।

## दस पुत्रों के बराबर होता है एक वृक्षः राघवेंद्र शुक्ल

**अमरोहा(सब का सपना):।** जिला होमगार्ड कमांडेंट राघुवेन्द्र शुक्ल और न्यायिक मजिस्ट्रेट देव प्रिय सारस्वत ने पूरे तिवारी मजरे बरौली में शनिवार को पौधरोपण किया।

जिला कमांडेंट ने कहा कि वृक्ष की महिमा वेद पुराणों में वर्णित है। कहा कि दस कुओं के बराबर एक बावड़ी, दस बावड़ियों के बराबर एक तालाब, दस तालाबों के बराबर एक पुत्र, और दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है।

न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा कि वृक्ष लगाना अत्यंत शुभदायक है। जिसको पुत्र नहीं है,उसके लिए वृक्ष ही पुत्र है। इसलिए जब भी अवसर मिले पौधे अवश्य लगाइए और उसकी सुरक्षा करें।

क्योंकि पौधों की सुरक्षा कर हम स्वच्छ पर्यावरण की रक्षा कर सकते है। इस मौके पर सहायक डिस्ट्रिक कमांडेंट अरविंद कुमार सेन, बीओ अरविंद कुमार शुक्ल, रमेश चंद्र यादव, नंद लाल यादव, अरुण तिवारी, अवधेश प्रकाश शर्मा, वकील अहमद, हौंसला प्रसाद पांडेय मौजूद रहे।



## अमरोहाः भाजपा नेता की स्कूल बस पर नकाबपोश युवकों ने की फायरिंग

**अमरोहा(सब का सपना):** भाजपा नेता की स्कूल बस पर बाइक सवार तीन नकाबपोश युवकों ने फायरिंग कर दी। बस बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। फायरिंग से बस सवार बच्चे सहम गए। वारदात की जानकारी मिलने पर एसपी व एएसपी ने घटना स्थल का जायजा लिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के खादगुजर मार्ग पर भाजपा उपाध्यक्ष चौधरी वीरेन्द्र सिंह का एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल है। शुक्रवार की सुबह गांव चौकपुरी निवासी चालक मोंटी बस से बच्चों को स्कूल लेकर जा रहा था। बताया जा रहा है कि नगला माफी–खादगुजर मार्ग पर बाइक सवार तीन नकाबपोश युवकों ने एक बाद एक तीन फायर कर दिए।

फायर होने पर बस चालक ने बस को दौड़ाया तो बाइक सवार युवकों ने करीब एक मीटर दूर तक बस का पीछा कर बस पर पत्थराव भी किया। फायरिंग होते ही बस में सवार बच्चों में चीख–पुकार मच गई। बताया जा रहा हैं कि वारदात के समय बस में 28 छात्र–छात्रा सवार थे। गनीमत रही कि फायरिंग में कोई छात्र–छात्रा व बस स्टाफ हताहत नहीं हुआ। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। बस चालक ने फोन के माध्यम से घटना की जानकारी स्कूल प्रबंधन को दी। प्रबंधक के साथ पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सूचना मिलने पर जिला उपाध्यक्ष भी मौके पर पहुंच गए।

बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवकों का बस चालक से चार दिन पहले स्कूटी में टक्कर लगने को लेकर विवाद हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर एसपी कुंवर अनुपम सिंह व एएसपी राजीव कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि इस मामले में बस चालक मोंटी की तहरीर के आधार पर गांव नगला माफी निवासी अनुज पुत्र गुड्डू व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर अनुज को गिरफ्तार कर लिया गया है।



# संभल : बाजारों में ई–रिक्शा का प्रवेश रहेगा बंद

**चन्दौसी (सब का सपना) अखिलेश कुमारः**–त्योहारों पर बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस की ओर से बाजार में ई–रिक्शा का प्रवेश बंद करा दिया गया। ऐसे में मार्ग पर लगने वाले जाम से ग्राहक व दुकानदारों को राहत मिली। कार व अन्य वाहनों के लिए नगर पालिका परिषद के मैदान में अस्थाई पार्किंग बनाई गई है। केवल दोपहिया वाहन चालकों को ही बाजार में एंट्री दी जा रही है।

शहर में ई–रिक्शा के बेतरतीब संचालन से लोग वैसे ही परेशान हैं। इनकी लगातार बढ़ती संख्या से आए दिन जाम के हालात बन रहे हैं। दुकानदारों व अन्य लोगों ने प्रशासन से ई–रिक्शा की बढ़ती पर रोक लगाए जाने की मांग कई बार की जा चुकी है। बड़ी बात यह है कि इनका कोई रूट डायवर्ट नहीं है। चालक अपनी ई–रिक्शा को इधर उधर खड़ा कर सवारी का इंतजार करने लग जाते हैं।कई ई–रिक्शा की कमान नाबालिगों के हाथ में पहुंच गई है। वह इन्हें लापरवाही और अनियंत्रित गति से सड़कों और बाजारों में दौड़ा रहे हैं। धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन व भाई दूज की खरीदारी के चलते बाजारों में ग्राहकों की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है। लोग खरीदारी करने बाजारों में पहुंच रहे हैं।बाजार में बढ़ती भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने रूट प्लान तैयार किया है। जहां पहले कोतवाली तक ई–रिक्शा पहुंचती थी, अब नखासा तिराहे पर उसे रोक लिया जाएगा। वहीं बाजार में प्रवेश करने पर नगर पालिका गेट के सामने बेरिकेड लगाकर ई–रिक्शा को रोका जा रहा है। चमन सराय में भी बेरिकेड लगाकर ई–रिक्शा के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।दमकल विभाग की ओर से पटाखों की दुकानों का निरीक्षण किया जाता है और दुकानदारों को अपने पास आग बुझाने के साधन रखने की बात कहता है। वहीं पटाखों को लेकर बच्चों व युवाओं में काफी उत्साह का माहौल है।



## बारात में छुहारे लूटने को लेकर आपस में भिड़े मेहमान, जमकर चली कुर्सियां



**संभल।** जनपद के सरायतरीन में शादी समारोह में निकाह के समय छुहारे को लेकर ऐसी लूटमार मची कि जमकर लात घूंसे चले और जमकर कुर्सियां भी चली। दोनों पक्षों में खूब मारपीट हुई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर झगड़ा करने वालों पर लाठी भांजी और काबू में किया।

थाना हयातनगर क्षेत्र के सरायतरीन मोहल्ला कोटला स्थित हिना पैलेस में रविवार को मियां सराय के कटरा बाजार से एक बारात पहुंची। यहां बारातियों में कुछ जान पहचान के लोगों ने निकह के दौरान छुहारे लेने के लिए हाथ बढ़ा दिए। इसी दौरान किसी ने छुहारों के पैकेट में हाथ डाल दिया। बस फिर क्या था शादी के रंग में भंग पड़ गया। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। शादी हॉल में लड़का और लड़की पक्ष के जिम्मेदार एक तरफ हो गए और दाएं बाएं के मेहमान आपस में ऐसे भिड़े की कुर्सी और लात घूंसे चल पड़े।

सूचना पाकर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और उत्पाद मचा रहे लोगों को सबक सिखा दिया। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। मेरीज हॉल में कुछ देर अफरा–तफरी का माहौल पैदा हो गया। बाद में क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों बैठकर दोनों पक्षों का समझौता करा दिया।

## दिवाली मनाने जा रहे मजदूरों से भरा टेंपो पलटा, बच्चों समेत 10 घायल

**गुन्नौर/संभल।** दिवाली मनाने नोएडा से बदायूं अपने घर लौट रहे मजदूरों से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में महिलाओं, बच्चों सहित 10 लोग घायल हो गए। हादसा टेंपो के आगे अचानक बंदर आने से हुआ। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई गई है।

बदायूं जनपद के थाना मूसाझाग के गांव मोहमनाबाद सुलेपुरा निवासी कुछ परिवार नोएडा के झुण्डपुरा इलाके में रहकर मजदूरी करते हैं। दीपावली का पर्व मनाने के लिए बनवारी आदि के परिवार के लोग शुक्रवार को देर रात टेंपो में सवार हो कर गांव लौटने लगे। शनिवार को सुबह छह बजे मजदूरों से भरा टेंपो गुन्नौर कस्बे में स्टेट हाईवे पर जुलेपुरा पुलिया पर पहुंचा, तभी उछलकूद करता एक बंदर टेंपो के सामने आ गया।


टेंपो के आगे सड़क पर अचानक बंदर देख चालक मुकेश नियंत्रण खो बैठा और टेंपो असंतुलित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में बदायूं के मूसाझाग निवासी बनवारी (32) पुत्र ब्रजनंदन, ममता (30) पत्नी बनवारी, रविकान्त (11) व आदर्श (13) पुत्र बनवारी, महेंद्र (35) पुत्र भगवानदास, भाग्यश्री (13) पुत्री महेन्द्र, शीतल (30) पत्नी श्याम सिंह, अभिषेक (11) पुत्र श्याम सिंह और अमृता (7) पुत्री श्याम सिंह घायल हो गए।

हादसे में बरेली जिले के टांडा (आंवला) निवासी चालक मुकेश पुत्र चेतराम भी घायल हो गया। घायलों को आनन–फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजकिशोर ने बताया कि महेंद्र और अभिषेक की हालत नाजुक देख बदायूं मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।



संक्षेप खबरें

### चन्दौसी के एलिस ने एशियन आर्म रेसलिंग कप चैंपियनशिप में जीता गोल्ड



**चन्दौसी।** एशियन आर्म रेसलिंग कप चैंपियनशिप का आयोजन मुंबई के पांच सितारा ऑरिका होटल में किया गया। इसमें चंदौसी शहर के एलिस प्रताप सिंह ने 90 किलोग्राम भार वर्ग के यूथ वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है।

यह प्रतियोगिता प्यूपिल आर्म रेसलिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से कराई गई। जिला ओलंपिक व आर्म रेसलिंग सचिव आशु शर्मा ने बताया कि एलिस प्रताप सिंह ने इसी वर्ष जून में नागपुर में हुई नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीत कर एशियन चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था।

एलिस ने जनपद में आर्म रेसलिंग का पहला गोल्ड मेडल दिया है। इस प्रतियोगिता में जापान, कजाकिस्तान, थाईलैंड, उजवेकिस्तान, कनाडा, भारत सहित 12 देशों की टीमों ने प्रतिभाग किया। उनकी कामयाबी से घर में खुशी का माहौल है। एलिस प्रताप को खेल विभाग संभल से उपक्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती, युवा कल्याण विभाग की अधिकारी विनीत सिद्धू, वंश गोपाल वेलफेयर के सचिव प्रिंस शर्मा ने दूरभाष पर बधाई दी है।

### प्रधानाचार्य के दो हत्यारोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**लखनऊ :** भदोही जिले में एक कॉलेज के प्रधानाचार्य की हत्या के मामले में दो आरोपियों को बुधवार तड़के पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस मुठभेड़ में एक आरोपी को पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक तेज वीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस हत्याकांड का मंगलवार को खुलासा करते हुए सौरभ सिंह और मोहम्मद कलीम को गिरफ्तार किया था।

उन्होंने बताया कि सौरभ सिंह और कलीम से पूछताछ में प्रतापगढ़ के भाड़े के शूटरों द्वारा प्रधानाचार्य की हत्या किए जाने की बात सामने आई थी, जिसके बाद इन शूटरों की तलाश की जा रही थी। सिंह ने बताया कि बुधवार तड़के दुर्गागंज थाना क्षेत्र में शेरपुर गोपलहां में पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया लेकिन मोटरसाइकिल सवार लोगों ने पुलिसकर्मियों पर गोली



चलाई। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में आरोपी शकील के बाएं पैर में गोली लगी और पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। सिंह ने बताया कि शकील के साथी का नाम आशीष है और दोनों प्रयागराज जिले के रहने वाले हैं।

अधिकारी ने बताया कि ये दोनों प्रधानाचार्य की हत्या करने में शामिल थे और दोनों के कब्जे से एक तमंचा, दो कारतूस और दो खोखे मिले हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस हत्याकांड में कुल छह लोगों के शामिल होने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि दो अन्य फरार शूटरों के बारे में जानकारी एकत्रित कर इन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

## बहजोई में डिप्थीरिया से पीड़ित मिला किशोर

**बहजोईः** बहजोई में 11 वर्षीय किशोर डिप्थीरिया बीमारी से पीड़ित मिला। इससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य विभाग ने आसपास के इलाके की 10 हजार आबादी में सर्वे कराने का दावा किया है।

बहजोई के मोहल्ला यादव कॉलोनी निवासी 11 वर्षीय सिंघम की हालत बिगड़ी तो उसे संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच के बाद पता चला कि उसे डिप्थीरिया बीमारी है। इससे उसके गले में दिक्कत आ रही थी। इसकी सूचना निजी अस्पताल के चिकित्सक ने बहजोई के चिकित्सा अधीक्षक विरास यादव को दी।

इस पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई प्रारंभ की। बहजोई के यादव कॉलोनी चितौरा रोड, संभल रोड सहित 10 हजार की आबादी में सर्वे कराया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विरास यादव ने बताया कि यादव कॉलोनी निवासी 11 वर्षीय सिंघम



**बहजोई के मोहल्ला यादव कॉलोनी निवासी 11 वर्षीय सिंघम की हालत बिगड़ी तो उसे संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच के बाद पता चला कि उसे डिप्थीरिया बीमारी है।**

को डिप्थीरिया बीमारी की पुष्टि हुई है। इसके बाद 27 टीमों को लगाकर 10000 की आबादी पर सर्वे कराया गया है।

## फूलों से लदी डीसीएम गढ़मुक्तेश्वर में पलटी, बनियाठेर के दो किसानों की मौत

**चन्दौसी (सब का सपना) अखिलेश कुमारः** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर से डीसीएम में फूल भरकर दिल्ली ले जा रहे दो किसानों की गढ़मुक्तेश्वर के पास डीसीएम पलटने से मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर में कई किसान फूलों की खेती करके परिवार का पालन–पोषण करते हैं। दिवाली के अवसर पर आधा दर्जन किसान सोमवार की शाम पांच बजे अपनी फसल के गेंदे के फूल बेचने के लिए डीसीएम में भरकर दिल्ली के गाजीपुर मंडी के लिए निकले। गढ़मुक्तेश्वर पहुंचने पर डीसीएम का पहिया निकल गया और वाहन सड़क पर पलट गया। हादसे में फूल लेकर जा रहे सभी छह किसान गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी



भेजा। वहां चिकित्सक ने विशाल (23) पुत्र स्व. भजन लाल व कमल सिंह (50) पुत्र भगवान दास को मृत घोषित कर दिया। वहीं विष्णु पुत्र राम कुंवर, सतेंद्र पुत्र कुंवर पाल, वेद प्रकाश पुत्र राजपाल व अवनीश पुत्र आनंद पाल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

परिजन घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। घटना के बाद घायल ग्रामीण अपने घर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि विशाल परिवार का इकलौता कमाने वाला था। कुछ समय पहले विशाल के पिता की मौत बिजली के करंट से हो गई थी।

आवश्यकता, नाम परिवर्तन, खोया–पाया, सार्वजनिक सूचना विज्ञापन कम दरों में

सब का सपना क्लासीफाइड के साथ लाखों तक पहुँचाइये अपनी बात

अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिये संपर्क करें
9456884327

# किसान की गोली मारकर हत्या, शव को नदी में फेंका

**बरेली।** खेत देखने गए एक किसान की गोली मारकर अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। हत्या करने के बाद शव को नदी में फेंक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव भोला मानपुर निवासी बिहारी लाल(62 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उनका शव खेत के पास नदी में डाल दिया। मृतक के बड़े बेटे सत्यपाल ने बताया कि मंगलवार करीब शाम पांच बजे खेत देखने के लिए गए थे।

खेत में पानी लग रहा था। काफी देर हो जाने के बाद बिहारी लाल घर नहीं लौटे। सत्यपाल ने खेत पर जाकर देखा तो वहां बिहारी लाल नहीं मिले।

सत्यपाल घर वापस लौट आया। इसके बाद मृतक की पत्नी राम कुमारी, दो बेटों और दो बेटियों ने कई जगह ढूंढा, लेकिन नहीं मिले। बड़ा बेटा सत्यपाल दोबारा खेत पर कई लोगों को साथ में लेकर पहुंचा। खेत के आसपास देखा तो सभी लोग दंग रह गए। खेत में खून पड़ा हुआ था।

पास में नदी किनारे गए तो बिहारी लाल का शव पड़ा हुआ था। कुछ हिस्सा नदी से बाहर था तो कुछ अंदर। बाहर निकाल कर देखा तो बिहारी लाल खून में लथपथ थे। मृतक के कनपटी पर गोली लगी हुई थी और उनकी मौत हो चुकी थी।

सूचना पर पहुंची भोजीपुरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार वालों ने किसी से रंजिश होने से साफ इनकार कर दिया है।

पास में नदी किनारे गए तो बिहारी लाल का शव पड़ा हुआ था। कुछ हिस्सा नदी से बाहर था तो कुछ अंदर। बाहर निकाल कर देखा तो बिहारी लाल खून में लथपथ थे। मृतक के कनपटी पर गोली लगी हुई थी और उनकी मौत हो चुकी थी।सूचना पर पहुंची भोजीपुरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार वालों ने किसी से रंजिश होने से साफ इनकार कर दिया है।





अपने संस्थान को
दे नई तरक्की
एजुकेशन के विज्ञापन बुक करायें
विज्ञापन हेतु संपर्क करें–
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें–9456884327

संपादकीय

## बेलगाम साइबर ठग, डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर कर रहे ठगी

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में जिस तरह डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी करने वालों से सचेत रहने की आवश्यकता जताई, उससे यह पता चलता है कि यह समस्या कितना गंभीर रूप ले चुकी है। शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो जब लोगों को डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर लोगों से ठगी न की जाती हो।

प्रारंभ में ये धमकियां पुलिस और सीबीआइ अधिकारी बनकर दी जाती थी। फिर ईडी, नारकोटिक्स और ऐसी ही अन्य एजेंसियो की आड़ लेकर लोगों को ठगा जाने लगा और अब तो स्थिति यह है कि फर्जी अदालत लगाकर लोगों को गंभीर नतीजे भुगतने की धमकी देकर ठगी की जा रही है। स्पष्ट है कि साइबर ठगों का दुस्साहस हद से अधिक बढ़ गया है।

यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री ने लोगों को जागरूक करने का काम किया और उन उपायों के बारे में भी बताया जिनसे साइबर ठगों से बचा जा सकता है। निःसंदेह इस समस्या से निपटने में लोगों की जागरूकता सहायक सिद्ध होगी, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की ओर से लोगों को उस तरह से जागरूक नहीं किया जा पा रहा है जैसी जरूरत है।

इसका पता इससे चलता है कि अच्छे–खासे पढ़े–लिखे लोग भी साइबर ठगों के शिकंजे में फंस रहे हैं। यह ठीक है कि इंटरनेट मीडिया पर लोगों को जागरूक करने की कोशिश हो रही है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं। अभी तक डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर लोगों को ठगने वालों से आगाह करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से सिर्फ एक विज्ञापन जारी किया जा सका है।

यह समझा जाना चाहिए कि केवल लोगों को जागरूक करने से ही बात बनने वाली नहीं है, क्योंकि साइबर ठग बेलगाम हैं। पहले वे लोगों को प्रलोभन देकर अथवा वित्तीय लेन–देन संबंधी आवश्यक जानकारी मांगकर ठगते थे, लेकिन अब वे लोगों को डरा–धमकाकर ठगने का काम कर रहे हैं। इसी क्रम में डिजिटल अरेस्ट करने की धमकी दी जाती है।

प्रारंभ में ये धमकियां पुलिस और सीबीआइ अधिकारी बनकर दी जाती थीं। फिर ईडी, नारकोटिक्स और ऐसी ही अन्य एजेंसियों की आड़ लेकर लोगों को ठगा जाने लगा और अब तो स्थिति यह है कि फर्जी अदालत लगाकर लोगों को गंभीर नतीजे भुगतने की धमकी देकर ठगी की जा रही है। स्पष्ट है कि साइबर ठगों का दुस्साहस हद से अधिक बढ़ गया है।

यह इसीलिए बढ़ा हुआ है, क्योंकि हमारी एजेंसियां उन तक पहुंच नहीं पा रही हैं। यह ठीक है कि डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाने वाले ज्यादातर ठग दूसरे देशों के फोन नंबर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन वे देश के अंदर ही सक्रिय होते हैं। इनकी धमकियों से डरकर जो लोग विभिन्न खातों में धनराशि भेजते हैं, वे खाते भी देश में होते हैं।

यदि इसके बावजूद सुरक्षा एजेंसियां साइबर ठगों को अपने शिकंजे में नहीं ले पा रही हैं तो इसे उनकी नाकामी ही कहा जाएगा। साइबर ठगों की बढ़ती सक्रियता डिजिटल होते भारत के लिए और अधिक गंभीर समस्या बने, इसके पहले पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को उन पर काबू पाना होगा। समस्या केवल साइबर ठगों की बढ़ती सक्रियता की ही नहीं है, पिछले कुछ समय से विमानों में बम रखने की जो फर्जी धमकियां दी जा रही हैं, उनसे भी यह पता चलता है कि साइबर संसार के शरारती तत्व बेलगाम हैं।

# अनदेखी : दिल्ली–बंगाल में नहीं लागू होगी आयुष्मान भारत योजना

**दिल्ली सरकार के नेताओं की मानें तो वे इस योजना को इसलिए नही अपना रहे हैं, क्योंकि उसमें बहुत खामियां हैं। एक नेता ने उसे घपला तक करार दिया। यदि ऐसा ही है तो आखिर उनके ही दल की पंजाब सरकार इस कथित घपले वाली योजना में क्यों शामिल है? यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी कई केंद्रीय योजनाएं है, जिन्हें कुछ राज्य सरकारें राजनीतिक कारणों से अपने यहां लागू नहीं कर रही हैं। यह जनकल्याण और विकास से अधिक महत्व राजनीतिक स्वार्थों को देने वाली मानसिकता का ही दुष्परिणाम है। राज्यों को इससे बचना चाहिए। आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता पहले ही सिद्ध हो चुकी है। इस योजना से कम आय वाले करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।**

आर.के. सिन्हा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धनतेरस एवं आयुर्वेद दिवस के अवसर पर 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी बुजुर्गों के लिए आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना का विस्तार कर जनकल्याण की दिशा में एक और बड़ी पहल की। इस योजना में यह जो विस्तार किया गया, उसमें 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी बुजुर्ग आएंगे, भले ही उनकी आमदनी कुछ भी हो

। इससे करोड़ों बुजुर्ग लाभान्वित होंगे। उन्हें पांच लाख रुपये तक की मुफ्त उपचार की सुविधा मिलेगी। जो वरिष्ठ नागरिक पहले से आयुष्मान भारत योजना के दायरे में हैं, उन्हें पांच लाख रुपये का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। यह एक बड़ी राहत है, क्योंकि बुजुर्गों को स्वास्थ्य समस्याओं से कहीं अधिक जूझना पड़ता है और एक बड़ी संख्या में ऐसे बुजुर्ग हैं, जिन्हें धनाभाव का सामना करना पड़ता है। आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता पहले ही सिद्ध हो चुकी है। इस योजना से कम आय वाले करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इसके बाद भी दिल्ली और बंगाल सरकार ने इस योजना से बाहर रहना सही समझा। इस पर प्रधानमंत्री ने खेद ही नहीं व्यक्त किया, बल्कि इन दोनों राज्यों के बुजुर्गों से माफी भी मांगी। उन्होंने यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि राजनीतिक कारणों से दिल्ली और बंगाल इस योजना को लागू नहीं कर रहे हैं।

दिल्ली और बंगाल सरकार का दावा है कि उनकी अपनी स्वास्थ्य योजनाएं कहीं बेहतर हैं। एक तो इस दावे को चुनौती दी जाती रहती है और दूसरे, यदि यह मान भी लिया जाए कि इन राज्यों की स्वास्थ्य बीमा योजनाएं प्रभावी हैं तो वे आयुष्मान भारत योजना का भी लाभ उठाने से क्यों इन्कार कर रही हैं? वे इस योजना में शामिल होकर अपनी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अन्य जरूरतमंद लोगों तक पहुंचा सकती हैं।

आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लोगों के उपचार की 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार वहन करती है और 40 प्रतिशत राज्य सरकारें। यह एक विडंबना है कि एक ओर राज्य सरकारें और विशेष रूप से बंगाल सरकार धन की कमी का रोना रोती रहती है और दूसरी ओर एक ऐसी योजना को अपनाने से इन्कार कर रही है, जो उसके आर्थिक बोझ को कम कर सकती है या फिर उसे अपनी स्वास्थ्य सुविधाएं अन्य लोगों तक पहुंचाने में मददगार बन सकती है। दिल्ली सरकार के नेताओं की मानें तो वे इस योजना को इसलिए नहीं अपना रहे हैं, क्योंकि उसमें बहुत खामियां हैं।

एक नेता ने उसे घपला तक करार दिया। यदि ऐसा ही है तो आखिर उनके ही दल की पंजाब सरकार इस कथित घपले वाली योजना में क्यों शामिल है? यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी कई केंद्रीय योजनाएं हैं, जिन्हें कुछ राज्य सरकारें राजनीतिक कारणों से अपने यहां लागू नहीं कर रही हैं। यह जनकल्याण और विकास से अधिक महत्व राजनीतिक स्वार्थों को देने वाली मानसिकता का ही दुष्परिणाम है। राज्यों को इससे बचना चाहिए।

आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता पहले ही सिद्ध हो चुकी है। इस योजना से कम आय वाले करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इसके बाद भी दिल्ली और बंगाल सरकार ने इस योजना से बाहर रहना सही समझा। इस पर प्रधानमंत्री ने खेद ही नहीं व्यक्त किया बल्कि इन दोनों राज्यों के बुजुर्गों से माफी भी मांगी।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**




बिजनेस

# जूलरी खरीदकर लोगों ने मनाई धनतेरस




**नई दिल्ली।** दीवाली 2024 2024 ) को महोत्सव शुरू हो गया है। इस महोत्सव का शुभारंभ बीते दिन धनतेरस के साथ हुआ था। भारतीय परंपरा के अनुसार धनतेरस के दिन नए सामान की खरीद शुभ मानी जाती है। धनतेरस पर सोना–चांदी की खरीद शुभ मानी जाती है। धनतेरस के दिन सुनार की दुकानों पर काफी भीड़ देखने को मिली थी।

धनतेरस पर सोने की खरीद को लेकर रिपोर्ट सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस साल धनतेरस पर 35 टन गोल्ड बिका है। वहीं, इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के महासचिव सुरेंद्र मेहता ने बताया कि धनतेपस पर 28,000 करोड़ रुपये की बिक्री हुई है। हालांकि, पिछले साल की तुलना में इस साल सोने की खरीद कम रही। जी हां, पिछले साल 45 टन गोल्ड की खरीद हुई थी।

चांदी की हुई जबरदस्त खरीद

इस साल सोने से ज्यादा लोगों ने चांदी खरीदना पसंद किया। पिछले साल की तुलना में इस साल चांदी की बिक्री में 30 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। हालांकि, सुरेंद्र मेहता के अनुसार लोगों ने ज्वैलरी से ज्यादा सिक्कों की खरीद की है। गोल्ड की टोटल बिक्री में 14 टन सिक्का था।

यह भी पढ़ें: ऊ्र्र॒ऋ: सरकार दे रही है दीवाली पर फ्री सिलेंडर का गिफ्ट, जानिए आवेदन से लेकर सबकुछ

क्यों कम हुई बिक्री

सोने और चांदी की बिक्री में इस साल गिरावट की वजह कारोबारी दिन भी है। एक्सपर्ट के अनुसार कारोबारी दिन होने के कारण लोग बाजार में कम निकले थे। दोपहर ढाई बजे के बाद सर्राफा बाजार में भीड़ देखने को मिली थी। कारोबारी दिन के अलावा सोने की कीमतों में तेजी भी एक कारण था। पिछले साल की तुलना में सोने और चांदी की कीमतों में शानदार तेजी देखने को मिली है। सोने–चांदी के महंगे हो जाने की वजह से भी लोगों ने इसे नहीं खरीदा है।

विश्व स्वर्ण परिषद के क्षेत्रीय सीईओ (भारत) सचिन जैन के अनुसार धनतेरस पर युवा खरीदारों की संख्या में तेजी आई। युवा खरीदारों के बीच सोने के सिक्के, चेन, झुमके व कंगन आदि आभूषणों को लेकर क्रेज देखने को मिला।

धनतेरस पर सोने–चांदी के साथ लोग गाड़ियां भी खरीदना पसंद करते हैं। इस साल भी धनतेरस पर गाड़ियों की खरीद अच्छी रही। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार धनतेरस पर एसयूवी के साथ लग्जरी कारों की डिमांड काफी रही। इंडिया के अनुसार धनतेरस पर उन्होंने 6,000 से ज्यादा कारों की डिलीवरी की है।

धनतेरस पर सोने–चांदी के साथ लोग गाड़ियां भी खरीदना पसंद करते हैं। इस साल भी धनतेरस पर गाड़ियों की खरीद अच्छी रही। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार धनतेरस पर एसयूवी के साथ लग्जरी कारों की डिमांड काफी रही। किआ इंडिया के अनुसार धनतेरस पर उन्होंने 6,000 से ज्यादा कारों की डिलीवरी की है।

# कई राज्यों में सस्ता हुआ पेट्रोल–डीजल, पंप डीलरों की सात साल पुरानी मांग पूरी




**नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनियों द्वारा अंतर–राज्यीय माल ढुलाई को तर्कसंगत बनाने से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों के कई दूर–दराज क्षेत्रों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी आई है। वहीं कंपनियों ने सात साल से लंबित मुकदमे के समाधान के बाद पेट्रोल–डीजल की बिक्री पर डीलरों को दिए जाने वाले कमीशन में 65 पैसे प्रति लीटर और डीजल पर 44 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आइओसी) इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "कंपनी को डीलर मार्जिन में संशोधन (आज से प्रभावी) का एलान करते हुए खुशी हो रही है। इससे उत्पादों के खुदरा बिक्री मूल्य पर कोई अतिरिक्त प्रभाव नहीं पड़ेगा।' वर्तमान में डीलरों को पेट्रोल पर 1,868.14 रुपये प्रति किलोलीटर के कमीशन के साथ उत्पाद बिल योग्य मूल्य 0.875 प्रतिशत भुगतान किया जाता है। जबकि डीजल पर 1,389.35 रुपये प्रति किलोलीटर का कमीशन और उत्पाद बिल योग्य मूल्य का 0.28 प्रतिशत भुगतान किया जाता है।

कंपनी ने कहा कि डीलर कमीशन बढ़ने से ग्राहक सेवा मानकों के बेहतर होने के साथ ही पेट्रोल पंप पर काम करने वाले कर्मचारियों के कल्याण में वृद्धि होगी। कंपनी ने कहा कि अंतर–राज्यीय मालभाड़े को तर्कसंगत बनाने का काम शुरू किया है, जिससे राज्य के भीतर खुदरा बिक्री मूल्य में होने वाले अंतर में कमी आएगी। हालांकि यह कमी उन राज्यों में लागू नहीं होगी, जहां पर आदर्श आचार संहिता लागू है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कंपनियों द्वारा किए गए एलान को धनतेरस का तोहफा बताया है।

देश के कई हिस्सों में आएगी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमीउन्होंने एक्स पर लिखा, "धनतेरस के शुभ अवसर पर, तेल कंपनियों द्वारा पेट्रोल पंप डीलरों को दिया गए तोहफे का दिल से स्वागत है। सात साल से चली आ रही मांग पूरी हुई।" उन्होंने कहा कि माल ढुलाई को तर्कसंगत बनाने से दूरस्थ स्थानों (तेल विपणन कंपनियों के पेट्रोल और डीजल डिपो से दूर) पर रहने वाले उपभोक्ताओं को लाभ होगा, जिसके परिणामस्वरूप देश के कई हिस्सों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी आएगी।एक्स पर एक पोस्ट में पुरी ने कहा कि ओडिशा के मलकानगिरी के कुनानपल्ली और कालीमेला का उदाहरण दिया, जहां पेट्रोल की कीमत क्रमशः 4.69 रुपये और 4.55 रुपये कम हो जाएगी और डीजल की कीमतों में क्रमशः 4.45 रुपये और 4.32 रुपये की कटौती होगी।

# सरकार दे रही है दीवाली पर फ्री सिलेंडर का गिफ्ट, जानिए आवेदन से लेकर सबकुछ

**नई दिल्ली।** देशभर में दीवली की धूमधाम है। इस मौके पर जहां लोग अपने दोस्त और रिश्तेदारों को दीवाली गिफ्ट दे रहे हैं। वहीं अब सरकार भी लोगों को दीवाली का तोहफा दे रही है। इस दीवाली सरकार लोगों को फ्री गैस सिलेंडर दे रही है। इसका लाभ अगर आप भी उठाना चाह रहे हैं तो आपको आवेदन करना होगा।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सरकार ने गरीब वर्गों के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू की थी। इस योजना के लाभार्थी को फ्री गैस सिलेंडर का तोहफा मिल रहा है। वर्तमान में इस योजना का लाभ उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के निवासी को मिल रहा है। सरकार ने इस साल दीवाली पर लोगों को आर्थिक लाभ देने के लिए फी गैस सिलेंडर देने का एलान किया है। इसका लाभ लाखों परिवार को होगा। अगर आप भी इसका लाभ पाना चाहते हैं तो आपके पास प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का कनेक्शन होना चाहिए।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सरकार ने गरीब वर्गों के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू की थी। इस योजना के लाभार्थी को फ्री गैस सिलेंडर का तोहफा मिल रहा है। वर्तमान में इस योजना का लाभ उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के निवासी को मिल रहा है। सरकार ने इस साल दीवाली पर लोगों को आर्थिक लाभ देने के लिए फ्री गैस सिलेंडर देने का एलान किया है। इसका लाभ लाखों परिवार को होगा।

कैसे पाएं फ्री सिलेंडर का लाभ

अगर आप भी इसका लाभ पाना चाहते हैं तो आपके पास प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का कनेक्शन होना चाहिए। इसके अलावा आपका आधार कार्ड भी एलपीजी कनेक्शन से लिंक होना चाहिए और गैसे एजेंसी से ई–केवाईसी होना चाहिए। अगर आपने यह काम अभी तक नहीं करवाया है तो आपको जल्द से जल्द यह काम निपटा लेना चाहिए। इसके अलावा उज्जवला योजना के लाभार्थी को पहले सिलेंडर के लिए पैसे देने होंगे फिर 3–4 दिन के भीतर उनके बैंक अकाउंट में पैसे वापस आ जाएंगे।यहां जाकर आपको अपना रजिस्ट्रेशन पक्का करवाना होगा।

इसके बाद आपको अपना गैस कनेक्शन को आधार कार्ड से लिंक करवाना होगा और ई–केवाईसी करवाना होगा।

**ये डॉक्यूमेंट है जरूरी**

सरकार के फ्री सिलेंडर के गिफ्ट को पाने के लिए लाभार्थी को आधार कार्ड, राशन कार्ड , पैन कार्ड के साथ इनकम सर्टिफिकेट और गैस कनेक्शन की कॉपी ले जाना होगा।

बता दें कि उज्ज्वला योजना का लाभ केवल महिलाओं को मिलता है। इस योजना में सरकार सिलेंडर पर लगभग 300 रुपये की सब्सिडी देती है।




सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

**संपादक : अनुज कुमार**
R.N.I. No. : UPHIN/2023/86483
मोबाइल नंबर
9456884327
E-Mail :- Officialsabkasapna@gmail.com
www.sabkasapna.com
नोट– समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।

# रोहित नई रणनीति के साथ करेंगे पलटवार

नई दिल्ली

भारतीय टीम के पास खोने के लिए अब कुछ नहीं बचा है। सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। रोहित की सेना के लिए अब लड़ाई साख की है। वानखेड़े भारतीय टीम की कई ऐतिहासिक जीत का हमेशा से ही गवाह बना है। अब बस एक बार फिर टीम इंडिया इसी मैदान पर बेंगलुरु और फिर पुणे में मिली दो बड़ी हार का हिसाब चुकता करने के इरादे से उतरेगी।

**वानखेड़े में दमदार हैं आंकड़े**

भारतीय टीम को वानखेड़े के मैदान खूब रास आता है। टेस्ट क्रिकेट में इस ग्राउंड पर टीम इंडिया का रिकॉर्ड जबरदस्त रहा है। रोहित की सेना ने अब तक इस मैदान पर कुल 26 टेस्ट मैच खेले हैं। इसमें से टीम को 12 में जीत नसीब हुई है, जबकि 7 मैचों में टीम को हार का मुंह देखना पड़ा है। वहीं, सात मैचों का अंत ड्रॉ के रूप में हुआ है। मुंबई के इस मैदान पर भारत ने खेले पिछले पांच टेस्ट मैचों में से सिर्फ एक मुकाबले में हार झेली है, जो साल 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली थी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वानखेड़े में आखिरी भिड़ंत साल 2021 में हुई थी। मुंबई के इस ग्राउंड पर टीम इंडिया ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 372 रन के बड़े अंतर से मैदान मारा था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने फर्स्ट इनिंग में 325 रन स्कोर बोर्ड पर लगाए थे, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की पूरी टीम सिर्फ 62 रन बनाकर ढेर हो गई थी। इसके बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी 7 विकेट खोकर 276 रन बनाकर घोषित कर दी थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की पूरी टीम सिर्फ 167 रन बनाकर सिमट गई थी। मयंक यादव ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 150 और दूसरी इनिंग में 62 रन की शानदार पारी खेली थी।



## हार के बाद रोहित शर्मा ने खिलाड़ियों पर उतारा अपना गुस्सा

बेंगलुरु टेस्ट में न्यूजीलैंड ने 8 विकेट हरा दिया है। इसके साथ ही कीवी टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त हासिल कर ली है। पहली पारी में महज 46 रनों पर ऑलआउट होने के बाद टीम इंडिया के ऊपर पहले से ही हार का खतरा मंडराने लगा था। लेकिन टीम इंडिया ने काफी फाइट की। वहीं हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा का बड़ा बयान सामने आया है।

बेंगलुरु टेस्ट में मिली हार के बाद रोहित शर्मा ने बताया कि, दूसरी पारी में हमने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन पहली पारी में हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। इसलिए हम जानते थे कि आगे क्या होने वाला है और कुछ खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे थे। जब आप 350 रन से पीछे होते हैं तो आप इसके बारे में ज्यादा नहीं सोच सकते, बस गेंद और बल्लेबाजी देखनी होती है। कुछ साझेदारिया देखना वाकई रोमांचक था। हम आसानी से सस्ते में आउट हो सकते थे, लेकिन हमें अपने प्रयास पर गर्व है।आगे रोहित ने कहा कि, जब वे दोनों बल्लेबाजी करते हैं तो हर कोई सीट के किनारे पर होता है। ऋषभ ने कुछ गेंदें छोड़ दीं और फिर शॉट खेले। सरफराज ने भी काफी परिपक्वता दिखाई। मैंने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि हमें पता था कि शुरुआत में यह मुश्किल होगा, लेकिन हमें 46 रन पर आउट होने की उम्मीद नहीं थी। न्यूजीलैंड ने अच्छी गेंदबाजी की और हम उसका जवाब नहीं दे पाए। इस तरह के खेल होते रहते हैं। हम आगे बढ़ेंगे। हमने इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच गंवाया और उसके बाद चार मैच जीते। हम जानते हैं कि हममें से प्रत्येक को क्या चाहिए।



# बल्लेबाज ऋषभ पंत को रेस्ट दे सकती है

**नई दिल्ली** एक नवंबर से शुरू होने जा रहे इस मैच में टीम स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को रेस्ट दे सकती है।पंत के घुटने में न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट के दौरान चोट लग गई थी। ऐसा होने के बाद उन्होंने पूरे मैच में कीपिंग नहीं की, लेकिन बल्लेबाजी जरूर की थी। ऐसे में टीम मैनेजमेंट पंत को एक जरूरी ब्रेक दे सकता है ताकि उन्हें घुटने की चोट से बेहतर तरीके से उबरने के लिए समय मिल जाए।

भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की बॉर्डर–गावस्कर सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी है। टीम ने इसमें दो विकेटकीपर को शामिल किया है, जिसमें पंत के अलावा ध्रुव जुरेल का नाम शामिल है। इस सीरीज को ध्यान में रखते हुए टीम पंत की जगह जुरेल को मुंबई टेस्ट में खिला सकती है। जुरेल ने ही बेंगलुरु टेस्ट में पंत के घायल होने पर विकेटकीपिंग का जिम्मा संभाला था। हालांकि दूसरा पहलू यह भी है कि तीसरा टेस्ट शुरू होने में अभी चार दिन हैं, ऐसे में पंत को तरोताजा होने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज गंवा चुकी टीम इंडिया के लिए बर्डर–गावस्कर सीरीज काफी अहम है। वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से भारतीय टीम के लिए यह सीरीज जीतना जरूरी है। टीम को अगर यहां जीत दर्ज करनी है तो पंत का चलना जरूरी है। उनके इस सीरीज में आंकड़े भी जोरदार हैं। उन्होंने अब तक कंगारू टीम के खिलाफ सात मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 62.40 की जोरदार औसत से 624 रन बनाए हैं।

तीसरे टेस्ट के लिए भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन– रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), सरफराज खान, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, रविचंद्रन अश्विन, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज।

> पंत के घुटने में न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट के दौरान चोट लग गई थी। ऐसा होने के बाद उन्होंने पूरे मैच में कीपिंग नहीं की, लेकिन बल्लेबाजी जरूर की थी। ऐसे में टीम मैनेजमेंट पंत को एक जरूरी ब्रेक दे सकता है ताकि उन्हें घुटने की चोट से बेहतर तरीके से उबरने के लिए समय मिल जाए।

# सरफराज खान ने रचा दिया इतिहास

नई दिल्ली



बेंगलुरु, टेस्ट की पहली पारी में सरफराज 0 रन बनाकर आउट हुए थे. वहीं, अब दूसरी पारी में सरफराज 150 की पारी खेलने के बाद आउट हुए.

ऐसा कर सरफराज ने माधव आप्टे के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है. माधव आप्टे ने साल 1953 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में पहली पारी में 0 और दूसरी पारी में नाबाद 163 रन की पारी खेली थी.

सरफराज ने अपने चौथे टेस्ट मैच में शतक जमाने का कमाल किया है. सरफराज के सामने कीवी टीम के गेंदबाज पूरी तरह से औसत नजर आ रहे हैं. बेंगलुरु टेस्ट में सरफराज ने पहले विराट कोहली के साथ तीसरे विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी की फिर ऋषभ पंत के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 177 रनों की पार्टनरशिप की

इस बार दिवाली पर रहेंगी इतने दिनों का अवकाश, शिक्षा विभाग ने जारी किये आदेशबता दें कि सरफराज और पंत की पारी ने भारत को न्यूजीलैंड पर लीड दिलाने का काम किया है.

एक समय भारतीय टीम 356 रन न्यूजीलैंड से आगे थी. लेकिन कोहली के 70 और सरफराज के ऐतिहासिक पारी ने अब भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ लीड दिला दी है.

सरफराज ने अपनी 150 रनों की ऐतिहासिक पारी में 18 चौके और तीन छक्के लगाए. सरफराज को टिम साउदी ने आउट किया. बता दें कि भारतीय टीम की दूसरी पारी 462 रन पर सिमट गई. भारत ने न्यूजीलैंड को जीत के लिए 107 रनों का टारगेट दिया है.

## आर अश्विन ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में किया बड़ा कारनामा

नई दिल्ली



आर अश्विन न्यूजीलैंड ने पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पुणे टेस्ट के पहले दिन न्यूजीलैंड ने अच्छी शुरुआत की। लेकिन जैसे ही मैच में आर अश्विन गेंदबाजी करने आए उन्होंने जल्द ही कीवी टीम के कप्तान को पवेलियन भेज दिया था। पहले सेशन का खेल खत्म होने तक आर अश्विन ने 2 विकेट चटका दिए थे। इसके साथ ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में आर अश्विन ने इतिहास रच दिया है।

पुणे टेस्ट के पहले दिन आर अश्विन ने कमाल की गेंदबाजी का नजारा पेश किया है। पहले सेशन में 2 विकेट चटकाकर अश्विन वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा विकेट हासिल करने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इसके साथ ही अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिन गेंदबाज नाथन लियोन को पीछे छोड़ दिया है। अभी तक इस लिस्ट में नाथन लियोन पहले नंबर पर मौजूद थे।

नाथन के नाम 43 मैचों में 187 विकेट दर्ज हैं। वहीं अब अश्विन ने महज 39* मैचों में ही इस आंकड़े को पार कर लिया है। अश्विन के नाम 188* विकेट दर्ज हो गए हैं।

# ऋषभ पंत की चोट पर आया बड़ा अपडेट, फैंस को लगा झटका

नई दिल्ली




प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऋषभ पंत की चोट को लेकर बोलते हुए टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने बताया कि, उनके घुटने में सूजन है। यह वही घुटना है जिस पर उनकी सर्जरी हुई थी। हम जोखिम नहीं लेना चाहते। उम्मीद है कि वह इस मैच में वापसी करेंगे। यानी विकेटकीपिंग के दौरान जडेजा की बॉल पंत के उस घुटने पर ही लगी है जिसकी एक्सीडेंट के बाद सर्जरी हुई थी।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला बेंगलुरु में खेला जा रहा है। इस मैच पर कीवी टीम का शिकंजा कसता जा रहा है। वहीं अब टीम इंडिया की टेंशन दोगुनी बढ़ने लगी है। एक तरफ टीम इंडिया पहली पारी में महज 46 रनों पर ढेर हो गई तो वहीं दूसरी तरफ दूसरे दिन विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए थे। जिसके बाद पंत की जगह विकेटकीपिंग के लिए ध्रुव जुरेल को बुलाया गया। वहीं अब दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने ऋषभ पंत की चोट पर ताजा अपडेट दिया है।

दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऋषभ पंत की चोट को लेकर बोलते हुए टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने बताया कि, उनके घुटने में सूजन है। यह वही घुटना है जिस पर उनकी सर्जरी हुई थी। हम जोखिम नहीं लेना चाहते। उम्मीद है कि वह इस मैच में वापसी करेंगे। यानी विकेटकीपिंग के दौरान जडेजा की बॉल पंत के उस घुटने पर ही लगी है जिसकी एक्सीडेंट के बाद सर्जरी हुई थी।

37वें ओवर में रवींद्र जडेजी की एक तेज गती की गेंद घूमने के बाद पंत के घुटने पर जा लगी थी। जिसके बाद पंत को लड़खड़ाकर चलते हुए देखा गया था। इसके बाद पंत वहीं मैदान पर लेट गए थे, फिर फिजियो ने आकर उनकी थोड़ी जांच की और उनको बाहर जाने के लिए कहा गया।

दरअसल साल 2022 दिसंबर में पंत को कार एक्सीडेंट में भयंकर चोटें आई थी। जिसके बाद लगभग डेढ साल तक पंत क्रिकेट मैदान से भी दूर थे। वहीं इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई सीरीज के दौरान पंत ने टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय के बाद वापसी की थी, इस टेस्ट सीरीज में पंत ने शानदार शतक लगाया था।

## जरूरी खबरें

### प्रोटियाज टीम के खिलाफ इतिहास रचने उतरेंगे सूर्यकुमार यादव



**नई दिल्ली** .न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैच की खेली जा रही टेस्ट सीरीज के बाद भारतीय टीम टी–20 सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका का दौरा करने वाली है। टीम इंडिया, 4 मैच की खेली जाने वाली सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भाग लेगी। सूर्यकुमार यादव इस सीरीज में कप्तान रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ कर इतिहास रचने वाले हैं।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाली टी–20 सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव अपनी पूरी तैयारी कर रहे हैं। वह इस सीरीज में एक बड़ा कीर्तिमान अपने नाम कर सकते हैं। सूर्या टी–20 प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं।

वह रोहित शर्मा को पीछे छोड़ सकते हैं। मौजूदा समय में बतौर भारतीय, साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी–20 में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है। जबकि दूसरे नंबर पर विराट कोहली हैं। सूर्या इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। वह इस कीर्तिमान को अपने नाम करने के मामले से महज 84 रन दूर हैं। अगर वह आगामी सीरीज में 84 रन बना लेते हैं तो वह अफ्रीका के खिलाफ टी–20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। बता दें कि भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 4 मैच की टी–20 सीरीज 8 नवंबर से 15 नवंबर के बीच खेली जाएगी।रोहित शर्मा फिलहाल सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने 18 मैच में 429 रन बनाए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर विराट कोहली का नाम है, जिन्होंने 14 मैच में 394 रन बना लिए हैं, तीसरे स्थान पर सूर्या 7 मैच में 346 रनों के साथ विराजमान हैं, जबकि सुरेश रैना ने 12 मैच में 339 और शिखर धवन ने 7 मैच में 233 रन बनाए हैं।टी–20 विश्व कप 2024 के बाद रोहित शर्मा ने टी–20 फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। इसके बाद सूर्यकुमार यादव भारत की कप्तानी संभाल रहे हैं। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है।

### बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी से पहले कंगारूओं ने चल दी बड़ी चाल! बोर्ड ने किया बड़ा ऐलान



**नई दिल्ली** .– भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैच की टेस्ट सीरीज होने वाली है, जिसके लिए भारतीय टीम नवंबर के मध्य में ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरेगी। हालांकि इससे पहले ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने बड़ा ऐलान किया है। बोर्ड ने अपने हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के कॉन्ट्रैक्ट को एक साल के लिए बढ़ा दिया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें साल 2022 से साल 2026 तक के लिए हेड कोच बनाया था। लेकिन बोर्ड ने अब बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले बड़ा फैसला किया है। एंड्रयू मैकडोनाल्ड साल 2027 तक ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच बने रहेंगे। बोर्ड ने उनके अनुबंध को एक साल तक के लिए बढ़ा दिया है। आने वाले टी–20 विश्व कप 2026 और वनडे विश्व कप 2027 तक वह ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच के रूप में काम करते रहेंगे।

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भारत और ऑस्ट्रेलिया जंग लड़ने के लिए तैयार फिलहाल ऑस्ट्रेलिया की नजर आने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी पर है। ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज की मेजबानी करने के लिए तैयार है।

इससे पहले भारत ने बीजीटी की मेजबानी की थी। दोनों ही देश इस सीरीज को जीतकर अपनी दावेदारी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए मजबूत करना चाहते हैं। भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने के लिए ये सीरीज जीतनी काफी अहम है।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का आगाज 22 नवंबर से होने वाला है, जबकि आखिरी मुकाबला 3 जनवरी से खेला जाएगा।



### देश के लिए सबसे लंबे समय तक खेले ये 5 खिलाड़ी

**नई दिल्ली** .अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वो लंबे समय तक अपने देश के लिए खेले, लेकिन ऐसा करना हर किसी के बस की बात नहीं होती। यहां हम उन 5 महान खिलाड़ियों के बारे में जानेंगे, जिन्होंने सालों तक अपने देश के लिए क्रिकेट खेला और हर मुकाबले में अपनी छाप छोड़ी।क्रिकेट खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सालों तक टिके रहना आसान नहीं होता। इस खेल में लंबे समय तक खेलने के लिए सिर्फ ताकत ही नहीं, बल्कि हिम्मत और धैर्य की भी जरूरत होती है। इस दौरान चोटों, आलोचनाओं और फॉर्म में उतार–चढ़ाव का सामना करते हुए कुछ ऐसे महान खिलाड़ी भी हैं, जिन्होंने दशकों तक क्रिकेट खेला और इतिहास रचा। आइए जानते हैं उन 5 क्रिकेटरों के बारे में, जिन्होंने सबसे लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला और सभी के दिलों में खास जगह बनाई।विल्फ्रेड रोड्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे लंबा करियर बिताया, जो 30 साल से अधिक समय तक चला। वह एक दाएं हाथ के बल्लेबाज और बाएं हाथ के धीमी गति के गेंदबाज थे। उन्होंने कुल 58 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 2325 रन बनाए और 127 विकेट लिए। उनके इस लंबे करियर में उन्होंने बल्लेबाजी में 2 शतक और 11 अर्धशतक भी जड़े और 60 कैच पकड़े।2. ब्रायन क्लॉज (इंग्लैंड) ब्रायन क्लॉज के 26 साल के करियर में 22 टेस्ट और 3 वनडे मैच शामिल हैं। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के गेंदबाज थे, जिन्होंने कुल 936 रन बनाए और 18 विकेट लिए।

# सभी देशवासियों को दीपावली भैया दूज एवं गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं





























































